Kashyap

KHIR BHAWANI TIMES

खीर भवानी टाइम्स





मां उमा

चामरं दक्षिणे हस्ते कमलं चोत्तरे तथा ।
रक्ताम्बरा दयामूर्तिः प्रसन्नोमास्तु सर्वदा ॥

AMBPHALLA - JAMMU

The Holy SHRINE OF MATA UMA-DEVI

मां उमा का पवित्र स्थल

Situated in the Kuthar range of the Pan-chan-Than hills in Kashmir Valley, the holy shrine of Mata Uma Devi is one of the most ancient shrines of Kashmir. This abode of Mata Uma located at Brari-Angan (Uma Nagari) Anantnag in Kashmir has been mentioned in the Raja Tarangini by Kalhan and is also described in the Neelmat Puran, the ancient history of Kashmir.

It has been one of the most revered shrines of Kashmir where thousands of devotees throng to pay their obiesance. Legend goes that Brari, a Yakhshani a devotee of mother Uma, pursuaded her to come down to a place of solitude for her meditation to secure her beloved Lord Shiva Agreeing to her request Mata Uma settled at the place which came to be known as "BRARI ANGAN" since that time.

On 13th April, 1781 A.D Haji Karam Dad Khan, the then Afgan Governor of Kashmir who was impressed by the spiritual grace of Goddess Uma Devi and her devotee Shri Shiv Ram Koul (Jalali), offered a jagir of 1600 kanals of revenue free agriculture land and a strip of forest facing the site for the Shrine.

The beautiful marble temple and its beautiful marble idol of Bhagwati Uma Devi 5'-4" in height which has been a source of inspiration for one and all irrespective of caste and creed was demolished by the fundamentalists and militants during the night of 7/8 December, 1992. Besides the material loss of Lakhs of rupees, the destruction and desecration has brutally wounded the souls of thousands of devotees of Mata Uma which is very difficult to heel.

खीर भवानी टाइम्स

KHIR BHAWANI Times

Official Organ of Kashmiri Pandit Sabha, Ambphalla Jammu.

नवम्बर-दिसम्बर 1995 Nov.-Dec. 1995
Vol. I No. 3-4

Rates of Advertisement

Matrimonial (40 words)...	Rs. 60/-
Each Additional Word	... Rs 2/-
Back Cover	... Rs. 2000/-
Inner Cover	... Rs 1500/-
Full Page	... Rs 900/-
Half Page	... Rs 450/-
Quarter Page	... Rs. 200/-

Rates of Subscription

Annual	... Rs. 80/-
Price of the Copy	... Rs. 10/-
Annual Subscription Outside India	... US $ 30
Collection Charges for outstation Cheques	... Rs. 10/-

Address to "KASHYAP SAMACHAR" (JAMMU.)

हिन्दी भाग

कश्मीरी भाग

ENGLISH SECTION

From the President

(अध्यक्ष की ओर से)

My dear Brothers and Sisters,

Namaskaar,

The sword of Islam swayed hundreds of our men and women, young and old mercilessly and forced us to leave our home and hearth. My brethren have been waiting for return to sweet homeland braving sweltering heat, storm and cold winds in tents, pigeon hole tenaments and rented accomodation. Their hope to return home has sustained for more than six years. The tragic pol tical, economical, educational ramification of exodus have been debated, discussed and partly taken care of by various K. P. Organizations from time to time. However, the social crises brewing in our society is slowly and steadily eating away its vitals and in case the problem is not taken care of well in time, I fear we may be in for deep social catastrophy.

This alarming situation could not be visualized in depth by me earlier when I found occasionally a case involving K. P. families approaching Sabha for amicable settlement. Family disputes pertaining to our sons and daughters are not a new phenomenon in our society. What brings anguish to my mind and perturbs me is the ever increasing number of cases coming to K P. Sabha every week and arrogance shown by several parents in listening to the sane advice and admonition of community elders for the future good of their children The rise in economic status and hallow of ego has hightened the tension in the families. This can further disintegrate our families and raise tension effecting community health In fact a large number of our young boys and girls are being lured by other communities to enter into matrimonial relations and our community with glorious past is shrinking. Our population is perhaps decreasing at a phenominal rate. Effective steps are required to be taken by the parents to educate their children about moral, family, religious and social obligations.

This will offset the mental pressure on our children built by modern life and provide a healthy atmosphere in family and there by in our society.

(TRILOKI NATH KHOSA)

सम्पादकीय

उपेक्षा का लम्बा सिलसिला

क्या कश्मीरी पंडित उपेक्षित होने को अभिशप्त हैं ?

यह प्रश्न आज हर सोचने समझने वाले के मन को भीतर ही भीतर कुरेद रहा है। यह स्थिति निराशा की है और कभी-कभी हताशा (डेस्परेशन) बन जाती है। इसका परिणाम आने लगा है। आज से दो या तीन महीने पहले, जब चुनाव अब हुए अब हुए लगते थे तो जम्मू, उधमपुर, दिल्ली, बम्बई, देश-विदेश हर कहीं हमारी प्रमुख चिन्ता यही थी कि चुनाव में हमारी स्थिति क्या होगी ? हम मत दें तो किसे दें ? क्या हमें मतदान के लिए कश्मीर जाना होगा या यहीं चुनाव-केन्द्र स्थापित करके हमें वोट देने के लिए कहा जाएगा हम इस चिन्ता से भी आंदोलित थे कि जब हमारे प्रत्याशी नहीं होंगे तो हम मत किसे दें ? हमारी कुछ संस्थाओं ने राजनीतिक राय को एक ही दिशा देने के लिए बड़ी पहल की। कश्मीरी पंडित सभा ने एक मंच पर इकट्ठा करके उनमें सोच की एकता पैदा करने की बड़ी कोशिश की। जम्मू युनिवर्सिटी के कुछ बुद्धिजीवी अध्यापकों ने अलग से संगोष्ठियां करा के एक ही प्रतिनिधि मत उभारने में सफलता प्राप्त की। इस सब अंतर्क्रिया का एक परिणाम यह निकला कि "प्रवास में चुनाव क्षेत्र" (कांसटिट्यूएंसीज़) के बारे में फैसला लिया। इस प्रकार की धारणा ज़ोर पकड़ती गई और सोचने समझने वाले लोग इस बात पर सहमत होने लगे कि हमारे लिए राज्य की विधान सभा में कुछ चुनाव क्षेत्र नहीं रखे जाते तो हम चुनाव में भाग नहीं लेंगे। मतलब यह कि पिछले तीन-चार महीनों में लगा कि हम शायद समय की चेतावनी का समयोचित उत्तर देने के लिए जागृत हो गए हैं।

एक पूरी हलचल दिखाई दी, सम्पूर्ण जाति में।

1990 के बाद पहली बार लगा कि शायद हम में अपनी राजनीतिक चेतना लौट आई है।

और फिर चुनाव के ठीक पहले कुछ सक्रिय मोरचे वाली संस्थाओं ने चुनाव का बहिष्कार करने का निर्णय किया। यह निर्णय भी एक सही क़दम था जिसने फिर यह आभास दिया कि हम अब सही प्रतिक्रिया देने की स्थिति में हैं। पर साथ ही इससे यह पता भी चला कि हम सरकार की लगातार उपेक्षा के कारण महत्वहीन समझे जाने लगे हैं, अत: किसी भी सरकारी प्रक्रिया का हम डट कर विरोध करेंगे।

हमने देखा कि पिछले तीन चार महीने की हमारी तमाम क्रिया प्रतिक्रिया के बावजूद, हमारे तमाम चिल्लाने के बावजूद, सरकार के संबद्ध व्यक्तियों-संस्थाओं के पास जाकर अपील करने के बावजूद सरकार चुप रही। गृह मंत्री, चुनाव-आयोग, जम्मू कश्मीर आने वाले राजनीतिक प्रेक्षक, राज्यपाल, यहां के राजनीतिक दल—किसी ने भी हमारी "निर्वासन में निर्वाचन क्षेत्र" के सुझाव पर राय प्रकट नहीं की। शायद हमारे बुद्धिजीवियों के तर्क में इतना ज़ोर था, संविधान का ऐसा विश्लेषण प्रस्तुत किया गया था कि उस पर बहस करके उसे अस्वीकार करने की ज़रा भी गुंजाइश नहीं थी। इसलिए निर्णायक की पदवी पर बैठे हर व्यक्ति या सत्ताधारी ने मौन धारण करना और हमें लगातार उपेक्षित करने में ही अपना बचाव समझा।

मगर हमारी दशा क्या हो गई ?

हम इस बाकायदा उपेक्षा का शिकार होते रहे हैं और लगता है कि यह सिलसिला जारी रहेगा। अपनी इस दुर्दशा पर हम क्या करें ? मन मार कर बैठ जाएंगे ? या अपनी संजीवनी शक्ति का सहारा लेकर इस परीक्षा में भी पार उतरेंगे सफलता के साथ ?

□ डॉ० संजना कौल

पत्थर और धात का जमाना

[प्रख्यात हिन्दी कहानीकार संजना कौल अपने परिवेश के प्रति कितनी संवेदनशील हैं यह उनकी इस बहुचर्चित कहानी से पता चलता है। इसमें कश्मीरवासी रचनाकार के मन में उठ रहे प्रश्नों को बहुत सशक्त मुहावरे में व्यक्त किया गया है। गत वर्ष हम इस कहानी तथा इस पर जम्मू की एक कहानी गोष्ठी में हुई बहस का संक्षिप्त ब्योरा दे चुके हैं।]

पता नहीं कहां से किशनलाल जी को वह पर्चा मिल गया था, पीले रंग के कागज़ पर उर्दू में छपा भारत द्रोह ? ज़हरीला देशद्रोही प्रोपेगैंडा, रात का खाना खाने के बाद उन्होंने पत्नी और बेटी के साथ बैठकर पढ़ना शुरू कर दिया। पर्चे के बाएं कोने पर शमशीर की मूठ पकड़े हुए हाथ था और उसके नीचे उर्दू का शे'र दर्ज था।

मैं तुझ को बता दूंगा तकदीरे उमम क्या है।

शमशीरो सिनां अव्वल ताऊसो रबाब आखिर।

फ़ारसी भाषा के विद्वान और उर्दू साहित्य के प्रेमी किशनलाल जी ने इन्दु को इन पंक्तियों का अर्थ समझाया तो वह बेसाख्ता बोल उठी, "इन्होंने तो आग उगली है।"

किशनलाल जी बेटी की बात पर हंस दिये, "अरे नहीं! सब पाग़लपन है। इन सालों के हाथ में हो तो ये कश्मीर में एक और पाकिस्तान बनाकर ही दम लें, लेकिन लड़कर नहीं, कश्मीर को तो आप प्लेट में सजाइए और ऊपर से चिपका दीजिए चांदी का वरक फिर इन्हें पेश कर दीजिये कि लीजिए हजूर कश्मीर हमने आपको तोहफे में दे दिया। बस, बात बन जायेगी। शमशीर या बर्छी उठाना इनके बस का नहीं है।"

और इन्दु को बार-बार लगता है, कितना ग़लत सोचा था पापा जी ने!

पहले बम फटे, कुछ अपंग हुए, कुछ की जान गई, फिर छिटपुट गोलियां चलीं और उसके बाद दिन-दहाड़े लोगों की लाशें बिछने लगीं, और फिर वह भयानक रात!

माघ का कृष्ण पक्ष! चांदनी का दूर-दूर तक नाम नहीं। सुनसान सड़कें और गलियां और घरों-मकानों के भीतर उगता हुआ जान लेवा तनाव! एकाएक चारों तरफ की मस्जिदों से आकाशभेदी नारे गूंजने लगे :

यहां क्या चलेगा—निज़ामे मुस्तफा!

'भारती' कुत्तो—वापस जाओ!

आईने हिंद, आईने हिंद—मंजूर नहीं,

मंजूर नहीं।

हम क्या चाहते हैं—आज़ादी!

इस्लाम—ज़िन्दाबाद!

घर में सब का दिल धक-धक करने लगा किशनलाल जी उठकर बेचैनी से कमरे में टहल लगे। अम्मा रसोई से राख सने हाथ लिये बाह

निकली और बुरी तरह कांपने लगी। खुद इन्दु का चेहरा पीला पड़ गया था।

सीधी-साधी अम्मा ने अगले दिन नींद से उठ कर रोज़ की तरह वितस्ता को प्रणाम करने के लिए खिड़की खोली और वहां का नज़ारा देखकर गिरते-गिरते बची। कई नौजवान किनारे पर खड़े दरिया के आरपार पाकिस्तान और आज़ाद कश्मीर के झंडे तान रहे थे। इन्दु ने बिस्तरा छोड़कर देखा तो उसकी आंखें फट गयीं, उसने धीरे-से पिता को जगाया, 'पापा जी, दरिया के ऊपर झंडे ताने जा रहे हैं।''

किशनलाल जी उठकर खिड़की के पास खड़े हो गए और स्तब्ध रह गये। अपनी आधी से ज्यादा उम्र उन्होंने कश्मीर में बितायी थी। कश्मीर की खूंखार राजनीति के चश्मदीद गवाह रहे थे, लेकिन यह सब देखकर वे जड़ से हिल उठे।

अखबारों की भयानक खबरें! कश्मीरी हिंदुओं की कश्मीर छोड़कर देश के अन्य हिस्सों में शरण! मास एक्सोडस!

सरकारी अफसरों, शिक्षकों और प्रोफैसरों पर हमले! इन्दु जब-जब भी घर से बाहर कदम रखने और कॉलेज जाकर इतिहास पढ़ने की बात सोचती थी, भीतर से ठिठुरने लगती थी। कुछ दिन पहले छोटे चाचा का फोन आया था, ''हैलो, भाई जी! क्या कर रहे हैं आप वहां? छोड़ दीजिए सब कुछ और आ जाइए। सुना है, फॉर्टी सेवन से भी ज्यादा खतरनाक हालत है कश्मीर की। घर में जवान लड़की है। सुना है, इनके इरादे खतरनाक हैं।''

किशनलाल जी न तो भावुक हुए और न उन्हें कोई अतिरिक्त खुशी हुई। उन्होंने जैसे जवाब देने के लिए कहा, ''ठीक है, तुम दो कमरे हमारे लिए तैयार रखना।''

''ऐसा है, भाईजी, मकान के ऊपर के हिस्से में रमेश और उसकी बहू रह रहे हैं, बीच के दो कमरों में मैं और आपकी बहू, आप शायद नहीं जानते, पप्पू और गीता भी आकर निचले हिस्से में रहने लगे हैं। फिर तो जो बड़ा कमरा है न, उसमें कुछ दिन बाद अंजलि आकर रहने लगेगी। फिर भी आप आ जाइए देख लेंगे।''

''ठीक है।'' किशनलाल जी को कोई दुःख या उत्तेजना नहीं हुई। लगा, उत्तर उनके लिए प्रत्याशित ही था।

''अब क्या होगा?'' फोन पर हुई बातचीत के बारे में सुनकर पत्नी ने निराश होकर कहा।

''होना क्या है? जैसे रहते आये हैं, रहेंगे।''

''इन्दु है।'' अम्मा ने आंखें पोंछ कर कहा।

''क्यों अम्मा? पंजाब में लड़कियां रह रही हैं या नहीं? आइन्दा मेरे लिए ऐसा मत कहना।'' इंदु ने तमक कर कहा।

लड़की हुई तो क्या करें डूब मरें या फूंक डालें अपने आपको? उसने सोचा, कहीं वह बेवकूफी की हद तक निडर तो नहीं है? उसे बुरी तरह शमीम की याद आने लगी जो लम्बी छुट्टी पर गई थी और कुछ ही दिनों में लौटने वाली थी।

खूब हंसमुख और उसे खूब प्यार करने वाली शमीम कॉलेज में अंग्रेज़ी पढ़ाती थी दोनों की नौकरी एक साथ एक ही कॉलेज में लगी थी। इंदु के यूनिवर्सिटी के सहपाठी असरार से प्रेम के बाद उसने बाकायदा विवाह कर लिया था।

कॉलेज जाती थी इंदु और उसे अपने आप पर आश्चर्य होता था कि वह इतनी खामोश भी रह सकती है। उसे बार-बार लगता था, वह किसी अनजाने शहर में अजनबी लोगों के बीच आ गई है। यही समझ में नहीं आता था कि क्या बोले। साफ-गोई से काम लेकर खतरा मोल ले या अकेलेपन से मुक्ति पाने के लिए उन लोगों की हां में हां मिलाये जिन की बातें मानने को वह कभी तैयार नहीं होगी। उसे लगता था, उसे बेरहमी से हाशिए पर धकेल दिया गया है।

कॉलेज में लड़कियों द्वारा क्लासों का बहिष्कार! क्लास में गुप्त साम्राज्य के इतिहास पर बोलती हुई इन्दु के लैक्चर में अजीब-सा अटपटापन आ गया था। पूरी सात लड़कियां नोटबुक्स बंद करके बिना उससे पूछे क्लास से बाहर चली गई थीं। बाकी या तो सिर झुकाये बैठी थीं या चुपचाप उसे घूर रही थीं।

वह समय से पहले क्लास छोड़ने की तैयारी कर ही रही थी कि तीन लड़कियां दरवाज़े पर खड़ी हो गयीं। इंदु की भौंहें एकाएक तन गईं, "क्या बात है?"

"मैडम, लड़कियों को छोड़ दीजिए।" बुर्का पहने एक लड़की ने निहायत ढीठता से कहा।

"क्यों? आपको इनके पढ़ने से क्या तकलीफ है?" इंदु ने गम्भीरता से कहा।

"मैडम, क्लासों का बायकॉट होना है। हमें जुलूस में जाना है।" एक और लड़की ने कहा।

"ठीक है।" वह रजिस्टर उठाकर स्टाफरूम की तरफ बढ़ गई।

दरवाज़े पर पहुंचते ही उसका चेहरा चमक उठा, वहां शमीम अकेली बैठी थी छुट्टियां बिताने के बाद पहली बार आई थी। वह झपटकर उठी और उससे लिपट गई, "सो नाइस टु सी यू! तुम यहां कैसे रहीं? पहले बताओ, तुमने लड़कियों से कुछ कहा तो नहीं? किसी को डांट तो नहीं दिया?" उसने एक सांस में कई सवाल कर डाले।

वह इतने से ही सन्तुष्ट नहीं हुई। उसे पकड़ कर सोफे पर बिठाया, "देखो, ज्यादा रुआब मत झाड़ना, किसी लड़की से उलझना मत, ये चूल्हे में जाएं या दरिया में डूब मरें। हमें इससे कुछ भी मतलब नहीं तुम अपने आपको बचाओ। इनके भाई-बिरादर जिहाद करने निकले हैं, कभी भी तुम्हें गोली से उड़ा देंगे।" वह जल्दी-जल्दी सब कुछ कह गई।

इन्दु ने शमीम की तरफ देखा, उसके कंधों तक कटे रेशमी बाल रबड़ से बंधे थे। दुपट्टा उसने पेशानी तक ला खींचा था। ढीली-ढाली कमीज़ और सलवार! कश्मीरी रेशम की साड़ियों की दीवानी शमीम को इस रूप में देखकर वह समझदारी से मुस्करा दी।

शमीम ने उसे मुस्कराते देखा तो धीरे-से हंसी, "असरार ने कहा, साड़ियों को बक्से में बंद करके रख दो वरना मारी जाओगी। हिन्दुस्तानी एजेंट के लिए तो एक ठांय काफी है। तो खालिस मुसलमान औरत बनकर घर से निकली हूं।"

"मैडम, आपसे मिलने कोई गेट पर आये हैं।" चपरासी ने आकर इन्दु से कहा।

इन्दु गेट की तरफ बढ़ गई।

बाहर जवाहर भाई खड़े थे। उन्होंने उसे देखा तो लपक कर आये तो उसे बांह से पकड़कर फुटपाथ के एक खाली कोने पर ले गये।

"क्या हुआ, भाई साहब?" इंदु ने घबराकर पूछा।

जवाहर भाई ने बेवजह पसीना पोंछा और फुसफुसाये, "देखो, मैं कल सुबह कश्मीर छोड़कर जा रहा हूं। मुझे चिट्ठी मिली है, मैं इन लोगों के हाथों कुत्ते की मौत नहीं मरना चाहता बस, बहुत हुआ वे हांफ गये।

इन्दु का सिर चकराने लगा क्या करे, कैसे बचाये इन्हें? किसी तरह बोली, "हमारे घर चलिये, भाई साहब।"

"नहीं, मैं तुम लोगों को मुसीबत में नहीं डालना चाहता, बस, ये कुछ घण्टे बीत जायें। सब खत्म हो गया, इंदु समझ लो, जो कुछ मैं कहता-करता रहा, सब बौद्धिक तमाशे थे, खैर, तुम मामा-मामी को बता देना और घबराना मत," वे जल्दी से अलग हो गए और तेज़ी से सड़क पार करके आगे बढ़ गये।"

उसकी छोटी बुआ के बेटे जवाहर साथ के कॉलेज में पढ़ाते थे और कॉलेज के बाद कॉफी हाउस में बैठकर दुनिया जहान की बातें करते थे। इंदु को उनकी बातें सुनना अच्छा लगता था। आज उनकी बातों से लगा, वे बुरी तरह लड़खड़ा गये थे।

वह गेट से लौटकर अन्दर आयी तो शमीम को कुर्सी पर बैठा पाया। "जवाहर भाई कल जा रहे हैं, शमीम। किसी ने चिट्ठी डाली है।" उसने साथ की कुर्सी पर बैठकर लम्बी सांस ली।

शमीम ने कोई जवाब नहीं दिया। थोड़ी-देर बाद कुर्सी से उठ गयी, "चलो उठो, मैं कल घर आ जाऊंगी।"

"नहीं, तुम वहां मत आना। वहां खाली मकानों में इन लोगों के अड्डे हैं। मैं ही आ जाऊंगी।"

इंदु घर पहुंची तो उसके नाम कई चिट्ठियां थीं। गाजियाबाद से उसके लेखक-दोस्त प्रदीप मेहरोत्रा का तार था, प्लीज़ वायर वैल्फेयर इमीजिएटली।"

उसने दूसरा लिफाफा खोला। मोतियों जैसे अक्षरों में प्रदीप ने लम्बा पत्र लिखा था शायद उसे इंदु का कोई पत्र नहीं मिला था और वह नाराज हो गया था। इंदु ने पढ़ा. "क्या यह हमेशा बहुत मुश्किल होता है कि समाज, इतिहास, राजनीति, साहित्य और तमाम बड़ी-बड़ी चीज़ों से एक पल के लिए अलग होकर किसी व्यक्ति, आदमी, दोस्त, रिश्ते को इन्सान सिर्फ इंसान की तरह महसूस करे—वैसे ही उससे पेश आये और एक छोटी-सी इंसानी फितरत (फिक्रो गम की) को आंखों से गिरने न दे?"

पत्र में प्रदीप यह मानकर चल रहा था कि इंदु जब भी कश्मीर छोड़ेगी, अपने परिवार के साथ सीधे गाजियाबाद चली आयेगी।

ऐसा झंझावात चल रहा था कि रिश्ते-नाते अपना अर्थ खो चुके थे, लेकिन दोस्तों के हाथ उसे थामने को तैयार थे। असरार, शमीम और अब प्रदीप मेहरोत्रा। उसे अचानक सुशील याद आया जो उसी के साथ पढ़ता था। इंदु के ग्रुप में सबसे बड़ा स्वप्नदर्शी शायद वही था और एक हद तक इंदु के प्रति आकर्षित भी कश्मीर से चले जाने के बाद वह भयानक रूप से आस्थावान हिंदू बन गया था। अब इंदु से ज्यादा कश्मीर में जलाये गये मन्दिरों की याद आती रहती थी।

वह बैठी यही सोच रही थी कि शकील दो-तीन लड़कों के साथ बाहर का दरवाजा खोलकर कमरे में चला आया। किशनलाल जी और इंदु की मां को आदाब कहकर वह बैठ गया। दोनों लड़के खड़े रहे।

शकील मुहल्ले के रिश्ते से उसका छोटा भाई था। पागलपन की हद तक पुरानी हिन्दी फिल्मों का शौकीन, इधर वह बंदूकधारी लड़कों के साथ उठने-बैठने लगा था और इंदु को उससे थोड़ा डर लगने लगा था।

"दीदी, आज मैंने तुम्हें बसन्त बाग़ से आते हुए देखा, तुम अकेली हिंदू लड़की थी, दीदी। मैं घबरा गया। अब तुम वहां से कालेज मत जाया करना। शार्टकट से चली जाओ, वहां सड़क के दोनों तरफ सी०आर०पी० खड़ी रहती है।"

इंदु मुस्करायी, उसने दोनों खूबसूरत लड़कों की तरफ देखा, "आप भी बैठ जाइए।"

"नहीं, हमें कहीं और जाना है। आप शकील की बड़ी बहन हैं तो हमारी भी बहन हुई। अगर कोई आपको तंग करे तो हमसे कहिए। हम साथ की गली से घूमते-टहलते हैं। जब तक हम जिंदा हैं, आपका कोई कुछ नहीं बिगाड़ सकता।"

वही कॉलेज के लड़कों का खास अन्दाज़ और अपने से कमजोर किसी भी आदमी को जान पर खेलकर बचा लेने का नायकत्व! ये लड़के इतने

खूंखार हो सकते हैं कि किसी का खून कर दे या बारूदी सुरंगें बिछाकर लोगों के परखच्चे उड़ा दें ? वह सोचती रही।

लम्बे लड़के ने जाने से पहले फिर इंदु की तरफ देखा, "यह तो हम ही जानते हैं हमारे साथ क्या हुआ। सारी स्टूडेंट लाइफ बरबाद हो गया।"

इन भोले-भाले खुशमिज़ाज लड़कों को किस तरह लोगों ने अपराधियों में बदल डाला था कितनी चालाकी से जुर्म किसी ने किया था और सज़ा किसी और को मिल रही थी।

उसे शकीला की बातें याद आ गयीं। उस दिन वह कॉलेज के किसी काम से आया तो इंदु ने आज़ादी की मांग को लेकर छेड़ दिया। शकील ने बड़ी संजीदगी से कहा, "देखो, दीदी इतना तो तय है कि न तो आप लोग पाकिस्तान में रह सकते हैं और न हम हिन्दुस्तान में रहने वाले हैं। आज़ादी हमारा हक है और हम लेकर रहेंगे।"

जिस तरह वह रटी हुई बात को दोहरा रहा था, इंदु को हंसी आ गयी। उसने बनावटी गंभीरता से कहा, "क्यों शकील ? जब कश्मीर पाकिस्तान बन जायेगा तो मुझे यहां से निकाल दोगे ?"

"तुम तो मेरी बहन हो।" वह बच्चों की तरह शरमाकर मुस्कराया।

टैगोर हॉल में जब आग लग गयी तो इंदु को लगा, हत्याओं और आतंक के बीच सांस्कृतिक केन्द्र के नष्ट होने पर मातम मनाना सबसे बड़ी बेशर्मी है। इसके बावजूद उसे वहां देखा एक एक सांस्कृतिक कार्यक्रम बार-बार याद आता रहा वजह यह थी कि यह कार्यक्रम उसने शमीम के साथ उस साल देखा था, जिस साल दोनों की नौकरी लगी थी।

पर्दा हटा और यामिनी कृष्णमूर्ति का नृत्य शुरू हो गया। दोनों पहली बार भारत नाट्यम देख रही थी। नवरस ! नृत्य-शृंगार रस से शुरू हुआ और चलता रहा। रौद्र रस ! यामिनी कृष्णमूर्ति की आंखें धधकने लगीं, शांत रस ! उन्होंने एक घुटना मंच पर टिका दिया और दोनों जुड़े हाथ सिर के बीच में रखकर आंखें बन्द कर ली। शांति की साक्षात् मूर्ति ! करुणा रस ! उसके चेहरे की एक-एक मांस-पेशी कांपने लगी। हास्य रस ! मंच पर खिल-खिलाहटें थिरकने लगीं।

इंदु मुग्ध हो गयी। तंग दायरा फैलाव में बदल गया और उसमें पंख फैलाये वह उड़ने लगी। भीतर रस के झरने उसी तरह बहने लगे जिस तरह कश्मीर के एक छोटे से गांव में वहां के झरनों का दूधिया पानी देखकर उस पानी को एक घूंट में पी डालने, उसके साथ एक रूप होने का मन हो गया था।

नृत्य खत्म होने के बाद दोनों बाहर निकलीं तो शमीम का चेहरा दमक रहा था, "मैंने ऐसी चीज़ कभी नहीं देखी थी इंदु, सच, कितना खो देती अगर आज न आती तो। कम्बख्तों ने हमारी दुनिया को अंधेरों में कैद करके रखा है। कभी कैमियत जकड़ लेती है तो कभी कश्मीरियत क्या बकवास है!" शमीम ने दांत पीसे, "यह नहीं सोचते कि अकेले आदमियों का वह समाज जिस कदर बीमार पड़ जायेगा।"

शमीम ठीक कहती थी, लेकिन इन जकड़नोंके बावजूद कोई न कोई बिंदु ऐसा निकल आता था जहां पहुंचकर सीमाओं के बंधन लुप्त हो जाते थे, दायरे फैल जाते थे और लोग खिंचकर एक-दूसरे के करीब चले जाते थे।

इंदु ने अपने घर में देखा था, किशनलाल जी खरीदकर पाकिस्तान का उर्दू साहित्य पढ़ते थे और वहां के शायरों की गजलें झूम-झूमकर सुनाते थे।

"इसीलिए तो आर्टिस्ट को हिस्टोरियन से बड़ा माना गया है।" असरार ने एक बार इसी के जवाब में कहा।

आजकल वह जब भी शमीम और असरार से मिलने जाती थी, वे तीनों अकसर इतिहास पर बहसें

करते रहते थे । सोवियत संघ के बिखराव से शुरू करके पीछे मुड़ते-मुड़ते वे फ्रांस की क्रान्ति तक चले जाते थे और फिर उस क्रांति में गिलोटीन का आतंक जिसकी कुल्हाड़ी अपने ही जन्मदाताओं को खा गयी ।

ऐसी ही एक बातचीत के दौरान इंदु ने असरार से कहा, "तुम्हें सफदर हाशमी याद हैं, असरार ?"

"याद कैसे नहीं होंगे ?" असरार ने चाय का बड़ा सा घूंट लेकर कहा ।

वे जब यूनिवर्सिटी में पढ़ते थे, सफदर हाशमी अंग्रेजी विभाग में पढ़ाते थे । यूनिवर्सिटी के बगीचों में सेब के पेड़ों के नीचे लड़के-लड़कियां खड़े या बैठे होते थे और अचानक सफदर हाशमी दूर से आते दिखाई देते थे । कुर्ता-पाजामा, लम्बे-लम्बे बाल, आंखों पर मोटा चश्मा, तीखी नाक और प्यार से मुस्कराता चेहरा ? बाएं कंधे से झोला लटकाये वे तेज कदमों से डिपार्टमेंट की तरफ जाने लगते थे । बड़े स्नेह और दोस्ती से मिलते थे । उन्हीं से उन लोगों ने पहली बार 'नुक्कड़ नाटक' का नाम सुना था ।

"मुझे आजकल अकसर सफदर हाशमी और पाश याद आते हैं । एक को हुक्मरानों ने खत्म करवा दिया, दूसरे को आतंकवादियों ने गोली मार दी, दो बड़े-बड़े खतरे टल गये ।" इंदु ने कहा ।

किसी ने कोई जवाब नहीं दिया ।

"अच्छा ही हुआ, दोनों ही नहीं रहे ।" इंदु ने थोड़ी देर चुप रहकर कहा ।

"तुम्हें शर्म आनी चाहिए ।" असरार ने ठक से चाय का प्याला प्लेट पर रख दिया ।

और क्या ? जैसी हालत है, इसमें तो वो दोनों भी हमारी तरह अच्छे शहरी बनने पर मजबूर हो गये होते ।" इंदु व्यंग्य से हंसी ।

"शटअप ! तुम्हारा दिमाग खराब हो गया है ।" असरार के चेहरे पर आवेश से हल्की लाली दौड़ गयी ।

"जानते हो, असरार ? मेरे लैक्चर वाहियात हो गये हैं, क्लास में किसी लड़की की तरफ देखने की हिम्मत नहीं होती । डर लगता है, कहीं मुंह से कुछ ऐसा-वैसा निकल गया तो किसी लड़की का भाई या रिश्तेदार मुझे गोली मार देगा या उठाकर ले जायेगा । यह मुझे क्या हो गया है, असरार" उसने दायां हाथ अपनी आंखों पर रख लिया और फूट-फूट कर रोने लगी ।

"कुछ नहीं हुआ, इंदु, तुम्हें सिर्फ माइनोरिटी की गांठ परेशान कर रही है । शमीम तुम्हारे साथ काम नहीं करती ? मैं ऑफिस नहीं जाता ? तुम कई बार कह चुकी हो कि फासिज्म सिर्फ फासिज्म होता है ।" असरार ने कहा ।

"मैं क्या करूं ? वह रोती रही ।"

"इन्तज़ार करो सब ठीक हो जायेगा । तुम खुद ही तो कहती हो कि आम आदमी फितरतन अच्छा है । हिस्ट्री से हवाले देती रहती हो कि फासिज्म खत्म होकर ही रहता है ।"

हिस्ट्री । उसके इतिहास, उसके ज्ञान और उसके शोध की ज़रूरत किसी को नहीं थी । हर आदमी के पास अपना-अपना मायादर्पण था जिसमें कोई अपने बीते दिनों की महानता और कुलीनता के टूटे-बिखरे अक्स देखता था तो किसी को दूर के रेगिस्तानों में चमकती जिहादी शमशीरें नज़र आती थीं । अपना आप उसे निरर्थक लगा ।

'इतना तय है कि कश्मीर अब मेरा होमलैंड नहीं रहा।'' उसने आंसू पोंछकर कहा।

''तुम्हें कश्मीर से जाने के बाद भी सुकून नहीं मिलेगा, मेरी बात गांठ बांध लो। यहां मुल्ला है तो वहां मन्दिर का महन्त होगा।'' असरार ने गंभीरता से कहा।

शमीम उठकर उसम पास बैठ गयी और अपनी दाईं बांह से उसके दोनों कन्धों को घेर लिया उसके स्पर्श में दोस्ती के सोते झर रहे थे।

वह लौटने लगी तो शमीम उसके साथ बाहर तक चली आयी। दरवाजे पर पहुंचकर वह खड़ी हो गयी, ''जानती हो न इंदु? क्या कहते हैं लोग, पहले हमारी लाश गिरेगी तब आपका बाल बांका होगा। कितनी मक्कारी! तुम इतना ही याद रखना कि जो कुछ हो रहा है उसमें तुम अकेली नहीं हो।''

इंदु ने उसकी तरफ देखा। शमीम की आखों में तरल चमक थी।

वह घर लौट गयी।

मुहल्ले में बूढ़ा इस्माइल अपनी जगह बैठा भुट्टे भून रहा था और धुएं के मारे आंखों से बहते पानी को उल्टे हाथ से लगातार पोंछ रहा था। उसने एक भुट्टा लिया और अपनी गली में मुड़ गयी।

लगता था, गली मीठी नींद में सो रही है। यहां वो लोग रहते थे जो बड़ी जल्दी तैश में आकर मरने-मारने को तैयार हो जाते थे और जुनून उतर जाने के बाद फ़िर से सीधे-साधे आदमी बन जाते थे।

वह आगे बढ़ने लगी—

नल पर शकील हाथ-पांव धो रहा था। इंदु को देखकर वह जोशीली आवाज़ में बोला, 'जानती हो, दीदी? आज टी०वी० पर पुरानी फिलम आ रही है 'मेरे महबूब'। तुम्हें याद है जब साधना की किताबें गिर जाती है और राजेन्द्र कुमार उन्हें उठा लेता है?''

आज़ादी पर भाषण झाड़ने वाले शकील के भीतर से कॉलेज का भोला-भाला रोमांटिक लड़का निकल आया। पढ़ाई-लिखाई में ठस्स लेकिन ज़िंदगी से भरपूर! इंदु को अच्छा लगा।

''अच्छा, जाओ फिलम का टाइम हो रहा है।'' उसने स्नेह से कहा।

शकील ने पानी की भरपूर अंजुरी मुंह पर मारी और घर की तरफ बढ़ गया।

शाम की ढलती धूप में चारों तरफ खड़े पहाड़ों की चोटियां दिप-दिप कर रही थी।

०००

(महिला कालेज मौलाना आज़ाद रोड, श्रीनगर।)

□ मोतीलाल बंगरू, "चानक"

'यह कैसी विडम्बना बनी'

कैसी आंधी बही ?
जिसने ध्वस्त कर दिया मानवता को,
सेज पर सुप्त शैशव मसल दिया गया,
इतिहास चीत्कार कर उठा,
एक सभ्य-भद्र-शिष्ट जाति-
राक्षसत्व के वीभत्स हाथों से—
एक ओर धकेल दी गई,
फेंक दी गई, गृह-द्वार से बाहिर,

यह कैसी विडम्बना ?
यह कैसी विडम्बना ?

साधिकार प्रश्न कर रहा है,
कल्हण का साहित्य,
कैयय्ट-मम्मट का इतिहास,
कितना ही प्रहार क्यों न हो ?
कितना ही कुठाराघात क्यों न हो ?
कितना ही क्यों न हो ?

वम-वर्षण,
पवि-पतन,

हम जानते हैं कि भिक्षा की झोली में
डाले हैं किसी विस्तारवादी ने,
कट्टरवादी देश की परम्परा में कुछ अस्त्र,
जो हमारे विरुद्ध प्रयुक्त हो रहे हैं,
गहन दुरभि-सन्धि में प्राप्त हुए हैं,
किसी दानव को शस्त्र,

परन्तु,
क्या ये सभी हमें असम्बद्ध कर सकते हैं,
'राजतरंगिनी' की गरिमा से,

'वितस्ता' की महिमा से,
पर, आह सम्प्रति में क्यों ?
यौवन दलदल में उलझा है,
यह कैसी विडम्बना ?
यह कैसी विडम्बना ?
मानवाधिकार का प्रश्न रिक्त-रिक्त-सा है,
स्वार्थ की परिभाषाओं से घिरा,
इतिहास की मसि क्या पांच-छः वर्षों,
में ही सूखेगो ?
लाखों की संख्या में किसी सभ्य जाति को,
निर्वासन-विस्थापन के कगार पर,
फेंका गया,
पर, मानवाधिकारी कुछ न कह पाये,
वे निरीह, पीड़ित शोषित, निर्वासिन,
जाति के प्रति,
समर्थन के दो शब्द भी व्यक्त न कर सके,
यह कैसी विडम्बना ?
यह कैसी विडम्बना ?
इतिहास मुर्झा तो जाता है,
पर, मरता नहीं है,
जीवन उलझा सकता है,
पर इस उलझन से मुक्त भी हो सकता है,
अत्याचार की रजनी बीत जायेगी,
तिमिर अवश्य ढलेगा,
कुसुम अवश्य खिलेगा,
हम क्योंकि सम्प्रति की बात ही करे,
इन दिनों कुहासा हम सब को,
घेर रहा है,
यह कैसी विडम्बना ?
यह कैसी विडम्बना ?

(201/सी, रामविहार, जानीपुर, जम्म

□ मोहिनी देवा

ठूंठ

क्यों भई आम के पेड़, तुम मुझ पर इतना क्यों हंस रहे हो ? कभी मैं भी तुम्हारी तरह हरा-भरा और गदराया हुआ था। मैं भी खुश था अपनी जवानी पर। क्या तुम वह दिन भूल गये जब मैंने अपने बगल में तुम्हें जगह दी थी। उस दिन तुम ज़रा से तीन पत्ते लेकर और आम की गुठली में जड़ छिपा कर मेरे पास आये थे, और मैंने तुझे अपनी छत्रछाया में पनपने दिया था। मैं भी कितना खुश था तुम नन्हें से पेड़ को देख कर। तुम्हें हर साल बढ़ता देख कर मुझे कितना सुख मिलता था। मैं सोचता था तुम बड़े होकर, मेरे बराबर में खड़े होकर दोस्त की तरह दोस्ती निभाओगे। याद है तुम्हें जब तुम्हारी शाखें पहली बार आम के बौर से लद गई थी। तुम्हारे लिये यह पहला बसन्त था। कोयल पहली बार तुम्हारे शाखों पर झूलती हुई कूकी थी। उस मीठी तान को तो मैं आज तक नहीं भूला हूं है आज मैं बूढ़ा हो गया हूं तुम मुझे नफरत करने लगे हो, लेकिन मैं तुम्हें वही प्यार देता हूं जो शुरू से तुम्हारे लिये था। तुम्हारी वह छोटी-2 अम्बियों से लदी शाखें आज भी याद आ रही किस कद्र झुक रही थीं और मैं खुश हो रहा था, तुम्हें फलते-फूलते देख कर। तुम्हें हमेशा आशीर्वाद देता रहा—इसी तरह हर वर्ष फलो-फूलो।

स्कूल से आते हुये बच्चे तुम्हें ललचाई आंखों से देखते थे। तुम्हें पत्थर मारने लगते थे तो मैं अपनी शाखों से तुम्हें बचाने का प्रयत्न करता था क्योंकि मैं तुमसे बड़ा था मैं नहीं चाहता था तुम्हें कोई चोट पहुंचाये। हम चांदनी रातों में आपस में सुख-दुःख की बातें करते थे मैं अपने जीवन के अनुभव तुम्हें सुनाता था और तुम ध्यान से सुनते थे। वर्षा गर्मी सर्दी सबको तो हमने इकट्ठे ही सहन किया। फिर आज तुम क्यों मुझ पर हंस रहे हो। तुम्हारा भी कोई दोष नहीं.. समय के साथ-2 मैं बूढ़ा हो चला मेरी हरियाली समाप्त हो गई। मेरा शरीर अशक्त हो गया शाखें सूखने लगी। क्या करूं समय ने मेरा रूप ही बदल डाला। आज तुम्हारे सामने ठूंठ खड़ा हूं। इधर से हर गुजरने वाला मेरा भद्दा रूप देख कर हंसता है। और मेरी सूखी टहनी तोड़कर ले जाता है कोई इंधन के लिये तो कोई अपनी भेड़-बकरियों को चराने के लिये छड़ी बनाता है। आखिर सबका रूप एक दिन ऐसा ही होगा। किसी की जवानी अन्त तक साथ नहीं देती है। हमारा क्या ? पूरे संसार का यही हाल है। मनुष्य अपनी जवानी पर इतराता है। उसको लगता है मुझ जैसा बलवान कोई नहीं है लेकिन उसका भी यही हाल एक दिन होता है। पहले वह सांसारिक कार्यकलाप में. बच्चों में व्यस्त रहता है।

बच्चे ठीक हमारी शाखों की तरह पत्तों की तरह एक दिन अलग हो जाते हैं, और पीछे रह जाते हैं मुझ जैसे ठूंट मां बाप। मैंने कई सालों से यहीं पर खड़े होकर कितने ही घर बसंत और उजड़ते देखे हैं। सब का यही हाल हो गया। जीर्ण-शीर्ण शरीर को खींचकर चलाने वाला जीव एक दिन मेरी तरह टूट जाता है और सो जाता है चिर निद्रा में। मेरे मित्र अधिक इतराना ठीक नहीं। तुम्हारी यह आम की बौर एक दिन सूख जायेगी पत्ते गिर जायेंगे। पपीहा तो क्या कौआ भी पास नहीं फटकेगा और पीछे रह जाओगे मुझ जैसे ही ठूंठ। अकेला बेसहारा ठूंठ। बस ठूंठ। (जानीपोर, जम्मू)

●

□ शीला कृष्ण कौल

चाह है वीर सन्तानों की

हम को यह उनके जुल्म ने कैसा बना दिया।
मेरा देश लेने आये तमाशा बना दिया॥

देख के कश्मीर का ऐसा बुरा हाल।
था वह कितना प्यारा और था वह बेमिसाल॥
बेकार लोगों ने इसे ऐसा बना दिया।
मेरा देश लेने आये तमाशा बना दिया॥

हम को यह उनके जुल्म ने कैसा बना दिया।
मेरा देश लेने आये तमाशा बना दिया॥

इन्द्रा कहां बापू कहां कहां जवाहरलाल।
क्या कहें कैसे कहें किसे करे सवाल॥
मेरे देश को क्यों एक समस्या बना दिया।
मेरा देश लेने आये तमाशा बना दिया॥

हमको यह उनके जुल्म ने कैसा बना दिया।
मेरा देश लेने आये तमाशा बना दिया॥
पता चला जब हमें फैलाया उन्होंने है जाल।
चुप रहा भारत देश चला वह अपनी चाल॥
साकार समझने वालों का सपना बना दिया।
मेरा देश लेने आये तमाशा बना दिया॥

हम को यह उनके जुल्म ने कैसा बना दिया।
मेरा देश लेने आये तमाशा बना दिया॥

एक वीर भारतवासी ने किया ऐसा कमाल।
फहराया तिरंगा बीच में किया उन्हें बेहाल॥
ऐसा किया किया कि उसने उन्हें पागल बना दिया।
मेरा देश लेने आये तमाशा बना दिया॥

हम को यह उनके जुलम ने कैसा बना दिया।
मेरा देश लेने आए तमाशा बना दिया॥

सच्चा देशवासी है वह सच्चा मां का लाल।
प्रार्थना है आयु बड़े उसकी लाखों साल॥
उसने ही मेरे प्यारों को उनसे बचा लिया।
मेरा देश लेने आये तमाशा बना दिया।

हम को यह उनके जुलम ने कैसा बना दिया।
मेरा देश लेने आये तमाशा बना दिया॥
हम को यह उनके जुलम ने।

(ह्यूस्टन, यू० एस० ए०)

चिट्ठी-पत्री

स्तरीय पत्रिका

महोदय,

'कश्यप' का गत अंक देखने का सुअवसर उपलब्ध हुआ। देख रहा हूं कि यह एक स्तरीय पत्रिका है तथा 'श्री रतन लाल जी 'शान्त', के निष्पक्ष, नि:स्वार्थ तथा योग्य सम्पादन में यह पत्रिका उत्तरोत्तर उन्नत हो रही है। मेरी शुभ कामनायें आप सबके प्रति हैं। विशेषकर हिन्दी की सेवा जो इस पत्रिका के द्वारा हो रही है, उसके लिए हिन्दी प्रेमी तथा जाति के सेवक आपके आभारी हैं।

मोतीलाल बंगरू 'चातक'
201/C रामविहार, जानीपुर
(जम्मू)

"अका'य लिपी"

सम्पादक जी,

कश्मीरी के लिए नागरी लिपि को एक विकल्प की लिपि बनाने के लिए आप जितना प्रयास कर रहे हैं, उससे साफ जाहिर है कि इस बारे में आप कितने चिंतित हैं। अक्तूबर 1995 के अंक में आपने फिर एक बार "अका'य लिपी" शीर्षक के अन्तर्गत इस पर अपने विचार प्रकट किए हैं। मुझे आपका यह विचार सही लगता है कि जो भी लिपि सर्व-स्वीकार्य हो वह का'शुर समाचार के अर्धचन्द्र (ॅ) और क्षीरभवानी पत्रिका के अपॉस्ट्राफी (—') दोनों पर आधारित हो। आपका दिया हुआ लिपि संकेत मुझे सर्वथा उचित लगता है। मैं "कॉशुर समाचार" के सम्पादक से भी प्रार्थना करता हूं कि वे जल्दी से इस दिशा में कोई कदम उठाएं।

—रोशन लाल कौल
गांधी नगर, जम्मू।

खीर भवानी

(1)

महोदय,

'खीर भवानी टाइम्स' के लिए धन्यवाद। इस से हमें अपने महान तीर्थ खीर भवानी की स्मृतियां बनी रहेंगी। खीरभवानी से हम यहां जम्मू में भी जुड़े रहेंगे। हमारी बधाई स्वीकार करें।

—काशीनाथ भट्ट
मिश्रीवाला, जम्मू।

(2)

सम्पादक महोदय,

पत्रिका के नए नामकरण में कोई बुराई नहीं। पर यह तो सोचना चाहिए कि 'टाइम्स' किसी दैनिक या साप्ताहिक पत्रिका का नाम हो सकता है, मासिक का नहीं। फिर यह कोई समाचारपत्र भी तो नहीं। बेहतर होगा कि आप यह शब्द छोड़ ही दें। "खीरभवानी" काफी है।

—तेजकृष्ण थपलू
जानीपोर, जम्मू।

(3)

प्रिय सम्पादक जी,

आपने सभा की पत्रिका को नया नाम दिया है यह ठीक है। लेकिन नाम जो आपने चुना है, ठीक नहीं है। आखिर यह कोई धार्मिक पत्रिका नहीं। यह एक सांस्कृतिक और साहित्यिक पत्रिका है। यह भी तो खयाल रखना चाहिए था। आप कोशिश तो करते हैं कि इसका सांस्कृतिक रूप बना रहे। अपने इस की साहित्यिकता भी बनाए रखी है तो फिर यह नाम क्यों?

—संजीव रैना
सुभाष नगर, जम्मू।

खीर भवानी टाइम्स (का'शुर बोग)

का'शुर परनुक लेखनुक त'रीकु'

का'शिरि आवाज़ु'

1. स्वर :

अ, आ, इ, ई, उ, ऊ, ए, ओ। अ'=च'र, म्य'च। आ'=आ'र, नसा', चा'र। उ'=बु', चु',
वतु' ऊ=ऊ'ठ्युम, तू'र, कू'त्य्। ए'=मे', चे', वे'ह। ओ'=ओ'ड, नो'ट। —य्=तीत्य्,
म्या'न्य्, आ'द्य्। —व=व्वश, स्वछ, क्वस।

2. व्यंजन :

क, ख, ग, च, च़, छ, छ़, ज, ज़, ट, ठ, ड, त, थ, द, न, प, फ, ब, म, य, र, ल, व, श, स, ह, त्र।

3. हिंदीयिक्य् व्यंजन घ, झ, ढ, ध, भ, ण, ष, क्ष, ज्ञ करव अ'स्य् सिरिफ नावन (व्यक्तीवाचक संग्यायन मंज़ इस्तिमाल) हिंदीयिक्य् अलावु' स्वर ऐ, औ ऋ ति यियय पा'ठ्य्। मसलन, घनश्याम कृष्ण, ढाका, धनवती, नारायण, ज्ञानेश्वर ऋषिकेश, मैनावती।

सम्पादकी

त्राहि ! त्राहि !!

ज़िंदगी छे' केंच़न मरहलन हुंद मिलु'मिशि सफ़र। ज़्यनु'पतु' पालन' प्यतरु'नु' युन, मा'लिस माजि हुं'ज़ि वुशनि क्वछि मंज़ फ'र्य'फाह प्रा'विथ, वां'लिसि वस तु' रगन हुंद रथ गलि गलि तु' दामु' दामु' चा'विथ बो'ड वातु'नावुन, मीलि कलमु' कड्'न, प'लव प्वशाक, फीस, किताबु' कागज, ख्यन चन तु' क्याह क्याह नु' छु मोल मा'ज अ'मिस ये'छ्'यमु'तिस तु' का'छंमुतिस अवलादस खा'तरु' करान। पातु' फाकु' फरि रूज़िथ, द्वहस रातस मे'हनत मो'ज़ूर्य् क'रिथ अ'मिस अवलादस रथ वंदान, बलायि लगान, छायन तु' ग्रायन वुछान, सुवान कपटान तु लवलु'मतु' लायिकराना अ'छ प्यठ नु' म'छ ज़ु'र्वान। कमन् आरामन लथ दिवान तु' यिहन्ति बापथ पनु'न्यन अर्मानन कारिवुठन दिथ पनु'न्यन तमु'हन तु' खा'हिशन ह'ट्यग्र'डंम दिवान—आश छख आसान ज़ि ये'लि बुजरस म'ज़ क़ठि प्यन तु' अवलाद लागि यिमन डखु'वु'नि लोरि हुं'द्य् पा'ठ्य् हमर्दद — निक्याजि बुडुन छु प्रथ का'सि — यिछु ज़िंदगी हुंद आ'खरी मरहलु' — ये'लि आसु'रन तु' सहारन हुं'ज़ ज़ो'रूरथ छे' महसूस सपदान—मगर अकि द्वह' वुछ मे' तु' म्यान्यव मे'त्रव अख म'र्यद्यादु'म ज़ूर्या अख शाम वक्तन अ'किस कोचिग'लिस प्यठ इस्तादु' वदान तु' व्यलाफ करान तु' वति पकु'वु'न्यन ज़ा'री करान युथ ज़न कांछाह तिमन कुनि मंदरसय आश्रमस मंज़ वातु'नाविथ तिहंदि ख़ा'तरु' ज़िंदगी हुं'द्य् बाकु'य द्वह गुज़रावनु'च जाय फराहम करिहे असि गव ज़रु' ज़रु' ये'लि यिहुन्द हाल वुछ तु' तमि पतु' पे'यि असमानु' ये'लि असि तिम गीता भवन वातु'ना'विथ समती वाल्यन हुं'दि द'स्य् तिहुं'दि रोज़नुक तु' ख्यन चनुक इन्तिज़ाम को'र—पतु'नन्यव ज़ि तिमन हुन्द न'चुव तु' न्वश छि बारस्तु' तु' स्वखालु' पनु'निस मकानस मंज़ आ'शाह अशरथा करान—दो'प तमि माजि अ'छव खून हारान ज़ि तिहिंद्य् साहिबज़ादन अ'न्य् मोटरकार तु' थ'वु'न गराजस मज़' मगर यिम बुज़र्ग मोल मा'ज छु'निख गरु' मंजु' क'डिथ युथनु' तिहुं'ज़ छायी पे'यिख — तो'ह्य ति करिव त्राहि त्राहि—यी लो'बा असि तु' अ छन गव पचि प्यूर पा'र्यज़ानु'य, रा'व — अध्य् स'विव तु' क'यिव क्याह छुज़ा'पितु'। —पुनासा•

□ अवतार कृष्ण राज़दान

'माजि हु'द्यं व्यदाख'

ब' ! म्योन वो'जूद ! अस्तित्व ! अम्युक नामु' निशानु' मिटावनस प्यठ छि सा'री ज़नतु' पतय । म्योन नाव छु सा'र्य'सु'य दुनियहस मंज़ बदनाम तु' बज़गार यिवान करनु' । म्या'न्य् वछि कुबु', ट्वपु'तन, रगन-रगन मंज़ दोरु' करु'वुन यि सफेद रथ तु' यि सोरुय सब्ज़ मखम'ली पलु'वन मंज़ व'लिथ, यिमन प्यठ टेकु'बटन्य्, हिय तु' क्वंगु'पोशुक स'तरेर छु ब्यो'न-ब्यो'न मोसिमन मंज़ लबनु'यिवान, छुयिमन खरान । खबर क्याज़ि ? ति छुनु' मे'ति तरान फिक्री, ये'लिज़न बाकु'य म्योन यि रोय वुछिथ म'त्य् छि गछ़ान । बु' छस यिथु' क'न्य् मंदु'छावनु' यिवान तु' व्वन्य् छु मे' बासान ज़ि म्योन तस'वुर छु ह्यवान हनि हनि प्र'च् बनु न । शाह आ'सिथ छुम पनुन पान बासान गदाह । अज़ छि सा'री म्योन नाव ह्यनु' खोच़ान, ये'लि ज़न अज़ ब्रोंह के'हं व'री सा'री म्या'न्य् द्रु'य आ'स्य करान । यि क्याह सना गव मे' हंगतु'मंगु' ? म्योन यि नूरु'बो'रुत रोय क्याज़ि गव वुछान वुछान बदसूरत ? मे' क्याज़ि फ'र्य् पनु'नी पनु'निस गरस ? वुछि द'छुन तु' छुम शेंकान अख ह्यव तु' वुछि खोवुर तु' छुम ब्याख ह्यव ज़नतु' ज़ागान । द्रशवु'न्य् हु'द्यं कलु' ठासु'न्य् तु' पानु'वा'न्य् मारु'मारय वुछिथ छस बु' का'पेमु'च् । यि हाल छु व्वनय् यथ हदस ताम ज़ि व्वन्य् छें' मे' पविह्वगाड़ ह्यवान गछ़ु'न्य् । कति स्व म्यान्य् ट्वपु'तन ज़नतु' सा'दु'रवार गाडय्वसु' आ'नु' हिवि पामि म'ज्य् नाज़ल ब'निथ वुछन वाल्यून ब्रो'मरावान आ'स तु' कति व्वन्य् स्वय गाड ज़नतु' तीलु'क्रायि मंज़तलनु' यिवान । न छुम ओर वुछनसवार तु' न योर । मंज़ बाग ज़नतु' छस शिगनेमुच् । को'त ग'यि ति द्वह ये'लि ज़न म्योन नूरु'बो'रुत जलवु' वुछनु' बापथ् आशक कोह'तेंता'ल्य् छ्'डिथ मे' निश आ'स्य् यिवान ! अदु' बु'ति आ'सु'सख लालु'न्य् ललु'वु'न्य करान पनु'निस वछि वुशनेरस मंज़ । करहा'ख ना ? आ'स्य् ना तथ लायक । तिम छि तु' रोजन ति मे' वुछान अकि जो'महूर्य्यतुक ताज । महरे'नि हु'द नपु'-नपु' करु'वुन ड्यकु' टिकु' । बु' आ'सु'स दे'दि हु'द्य् पा'ठ्य् दाय तु' तदबीर दिवान । मगर अज़ छिख त'स्य् दे'दि ज़'द्य् क'र्यमु'त्य् । फ़खु'र ओसुम म्यानि क्वछि मंज़ छु का'त्यहव रे'शव ज़न्म ह्यो'तमुत । मगर तिहु'ज़न कबरन ति क'रु'ख़ वेहुरम'ती तु' तिहु'ज़न ज़िधारतन ह्यतुख नार । म्या'निस वछि वुशनेरस मंज़ फा'फलेयि का'त्य ह फ़लसफ़ु' । म्यान्यव गो'बख व चव विज़ि विज़ि यिहुंद मो'दुर म । मगर अज़ छिम फ'र्य्मु'त्य् पनु'निसु'य गरसच्'र । पनु'न्यवु'य शुर्यव छिहस अज़ ज़'र तु' क'ज क'रमु'च् । वनु'नस छुहमनु' वार थो'वमुत । अज़ छुम पनु'न्यन तिमन अवलादन हुंद लोल आमुत । यिम ज़न "सूहमसू" परान आ'स्य् । बोज़ान छस तिम छिम अ'शि प्यठु' फ़र्शस प्यठ बिहिथ । बयाबानन मंज़ तापु' क्रायि दज़ान । बिचव तु' सर्फ़' ट्वपव सू'न्य् वारयाह

मूख्‌मु'स्य्‌ । का'स्याह्‌ से'ष्रसादु' मनोश आ'स्य्‌ तिम ! यिमन नु' मोंड श्राकु'पुच गरस मंज़ ओस । तिमय आयि वतन प्यठ मारनु', फांसिकूट्यन खारनु' । मगर यि सिलाह-सामानु' कति ओ'न यिमव स्यान्यव गो'बरव ? मर्द तु' ज़न गिलु'त्रिथ निन्य्‌, बाम तु' ग्रिनेड फाटु'वु'न्य्‌, बे'ग्वनहन प्यठ गोलि चलावनि । मकानु', सकूल तु' क'दु'ल ज़ालु'न्य्‌ । बन्दूकु' न'ल्य्‌ हा'विथ बे'ग्वनाह लूख नाकारु' कामि करु'नावु'न्य्‌ । लूकन हु'द्यन दिलन मंज़ दहशत तु' वसु'वसु' पा'दु' करुन । क़ोनून ओ'क तरफ़ त्रा'विथ पनुन कचुल बाह त्रख करुन । बासान छुम यि छे'नु' यिहु'ज़ का'म । अथ पसिपुश छे' क्वसु' ताम वतिरा'वमु'च्‌ मा'ज यिमन यि करनावनस प्यठ मजबूर करान । स्व छे' मे' दो'यम्यन अथि कु'नु'नावुन यछ़ान । मे' प्यठ प्यठोवुली करनावु'न्य्‌ यछ़ान, मगर यि मा छस पताह्‌ ज़ि यिमन स्व बन्दूक तु' गोल्यन हुंद को'छ दिथ वरगु'लावान छे' तिमव छु स्यान्यन बबन हुंद द्रद चोमुत । तिम छिनु' का'सि हु'द्य, तिम छि स्या'न्य्‌ । सिरिफ स्या'न्य्‌ स्यानि तनि द्रतु'-द्रतु' करुन छुनु' तिमन कांह ति हक । अलबतु' छु मे' तिमन मंज़ तिम अना'सिर मे'चि सू'त्य्‌ मिलु'नावनुक हक़ यिम स्योन वो'जूद खत्म करनस पतु' छि ल'ग्य्‌मु'त्य्‌ । यथ कुलिस नु' शे'हजार क'र्य्‌ ज़ि, तथ कुलिस टख द्युनगव सवाब । मे' छे' पूरु' व्वमेद ज़ि तिम द्रह यिन ज़ो'रूर वापस ये'लि स्यानि तनि प्यठ प्रा'न्य्‌ पा'ठ्य्‌ सबज़ार खसि । नागु' ज़्वयि वुज़न, बन्दु' च़लि, शीन गलि, बे'यि यियि बहार ।

68/3, त्रिकूटानगर,
जम्मू—180012

Donations Received during Nov. *1995*

1.	Ashtami Mandli	300
2.	Sh S. N. Bakaya	100
3.	Smt. Nirmal Davi	300
4.	On spot donation by K. P. Sabha members	623
		1323

□ प्रेमनाथ कौल "अर्पन"

म्योन माता पिता, म्योन जीवन प्रबू

(अर्पन सा'ब छि सानि बुज़र्ग पीरि हुंद्य् अख अहम ब'ख्ती शा'यिर। यिम छि बिज़ा'ती बुगाम क्वलगा/मु'क्य् रोज़नवा'ल्य् तु' हालस छि मुठी, जेमि रोजान। यिहंज़ि शा'यरी मंज़ छि असि परमानंद तु' कृष्णजू राजदानुन ह्यू मेछर तु' रसूल मीरु'न्य हिश मस्ती द्रें'ठ गछ़ार। यिहंदि वननु' छु युहुंद अख गज़ल। ब्वश यिवुन नु'दु'बेन वेसिये म्योन दिलबर आवनय) रसूलमीरस कुन मनसूब ग'छ़िथ प्रचारित करनु'आमुत। यिहंज़ब रचनायब मंज़ छु भगवद्गीतायि हुंद का'शुर गीतमय अनुवाद बडु' अहम। अमि अनुवादु'क्य् केंह नमूनु' करव अ'स्य् न'विस अंकस मंज़ पेश।)

तन प्रबू, मन प्रबू, अन प्रबू, दन प्रबू ।
बखति बावय करय प्रान अर्पन प्रबू ॥
तन प्रबू, मन प्रबू, अन प्रबू, दन प्रबू ॥

चु'य मे' नरि जंगु' छुख, चु'य्य में' अंगु' अंगु'छुख ।
चु'य में' रंगु' रंगु' छुख मंगु'नावन प्रबू ॥
तन प्रबू, मन प्रबू, अन प्रबू, दन प्रबू ॥

चालु' का'त्याह सितम, क्याह च' सनम्बख यितम ।
ज़ानु'नस कित्य् दितम ग्यानु' लुच़न प्रबू ॥
तन प्रबू, मन प्रबु, अन प्रबू, दन प्रबू ॥

बे कसो बे नवा, कुस मे' छुम च' सिवा ।
चु'य मे' दाद्यन दवा चु'य मे' हनहन प्रबू ॥
तन प्रबू, मन प्रबू, अन प्रदू, दन प्रबू ॥

छुखनु' कुनि निशि जुदा, छुयनु' कुनिकुय मुदा ।
छुख चु' ब'खत्य्न सदा क्रश्टु' कासन प्रबू ॥
तन प्रबू, मन प्रबू, अन प्रबू, दन प्रबू ॥

ही प्रबू छुमनु' ग्यान छुस ब' बालुक अज़ान ।
छुस बु' श्रदायिसान ध्यान दारन प्रबू ॥
तन प्रबू, मन प्रबू, अन प्रबू, दन प्रबू ॥

चाम्य् सथ छम मे' बस ब्वन्ये चे' रो'स बावु' कस ।
चा'वतन प्रेयमु' मस पोनु' अर्पन प्रबू ॥
तन प्रबू, मन प्रबू, अन प्रबू, दन प्रबू ॥ □

□ "गाशा जी"

आनन्द वथ

(देवनागरी लिपी मंज़ का'शुर लेखनु' सूत्य् य्वद ज़न सान्यन र्वा'यती तु' बुज़र्गशा'यिरन रछा ध्वस ति आयि तु' तिम छि असि फारसी खतस मंज़ पनु'न्य् तखलीक सोज़ान, अमापो'ज़ सान्यन नव्यन शा'यिरन, यिमन हिन्दी तु' नागरी ज्यादा व्य'ज़ छे', आयि वथ हिश । सबूत छु यि नज्म । ''गाशा जी'' छु ये'मिस बछि़ वां'लिजि तु' जोशि किन्य् शाद वनन वा'लिस शा'यिरस गर्यु'क नाव । यि नज्म छे' यिहुंज़ ग्वडनिच कूशिश । व्वमेद छि सा'न्य् बे'यि बाकय होशि सो'स्य् दोस ति निन ये'मि निश प्रेरना तु' बे'शू'क्य् पा'ठ्य् लेखन यि मनस बुज्यख ति ।)

छानस वो'नुम नावा ग'र्य्'ज़े
ग'य्ज़े ज़ा'विजि तूरे सू'त्य्
अं'द्य् अं'द्य् म्वखतुक्य' जालाए ला'ग्य्ज्यस
त्रा'व्य्ज्यन व्यतसतायि मंज़ ऊर्य्
श'ठिस प्यठ बिहिथ नज़रा था'व्य्ज्यस
वह्य् वह्य् कूताह यिवान ग्यूर
वठ्यन तु' ठठ्यन ल'ग्य् ल'ग्य् थ'किथ
छे'ल्य् छेल्य् छे' प्यवान छलि छलि ऊर्य्
अ'थ्य् मंज़ आबलुन मिलविथ छु वालान
दम दिथ छुस बे'यि धावान ऊर्य्
कुनि विजि ह्यो'र कुन वकु' छुस दिवान
ट्वकु'सूर ग'छिथ बे'यि लिथवान ऊर्य्
योरान यीरान शाठस छि लागान
य्वदु'वय ज़ा'ह काल्य् तिछ़ जु'थ आयस
मियस पानस सू'ती ऊर्य्
व्वथ पानु' ढिस ते'लि फे'कि पे'ठ्य् वज़राह
थर दिस मा तुल पानस ग्यूर
बो'ठ त्राव ह्यो'र खस दि नज़ए बाज़रस
वुछ किथु' छय वुछान स्वंदर हूर
नतु' बे'ह दम दिथ श्रम वूर अं'दरु'य
नम रठ वथ कड आनन्द पूर ॥ □

(24, लोवर लक्ष्मीनगर
सरवाल जम्मू ।)

पृथ्वी नाथ कौल "सायिल"

ज़ुवलज' तु' बे'यि क्याह !

('दस्तावेज़' शीर्शकस तल क'र्य् असि वुनिस ताम ज़ु' मज़मून छाप । रत्नलाल 'जौहर' सा'बन क'र कल्चरल एकेडेमी तु' 'शीराज़ा' (का'शुर) हुक 'हा'ज़नी नंबर" ज़ेरि नज़र थ'विथ कें'चन का शिर्यन अ'दीबन हुं'ज़ि तंग नज़री तु' 'बे अदबी" तनकीद । मोतीलाल साकी सा'बन को'र साफ तु' बेखोफी सान बयान ज़ि तिमन क्याज़ि तु' कमन हालातन मंज़ प्यव क'शीरि प्यठु' चलुन । व्वन्य् छु यि त्रे'युम मज़मून पेश । यथ मंज़ छु सा'यिल सा'बन तिमन हकीकतन पर्दु' तुलमुत यिमु' आम पा'ठ्य नज़र अंदाज़ करनु' यिवान छे' ।

